# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 31-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ ₹30,000/-का इनामिया अभियुक्त जनपदीय एसओजी तथा थाना मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम के साथ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से 01अदद अवैध देशी तमंचा (315 बोर), 01अदद जिन्दा कारतूस व 01अदद खोखा कारतूस, 02 अदद आलाकत्ल (चाकू), 01 अदद मोटर साइकिल, ₹900/- व एक अदद रेलवे टिकट आदि बरामद।

◆ सराहनीय कार्य करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ₹ 25,000/- नगद पुरस्कार दिया गया।

दिनांक 23.08.2025 को गणेश निषाद पुत्र रामकला निषाद निवासी ग्राम नागचौरी थाना मिश्रौलिया द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दिया गया कि हम लोग शाम को क्रिकेट खेल कर वापस आ रहे थे कि रास्ते में हमारे गाँव का मुकेश निषाद पुत्र धर्मराज निषाद धारदार हथियार व कट्टा लेकर हमला कर दिया। हमले मे मेरे पिता के ऊपर चाकू से वार करके मार डाला तथा हमारी माता को भी चाकू से घोप कर मार दिया व मेरी बहन तथा मुझको भी हमला कर दिया जिसमे मेरी मां व बहन भी घायल हो गये और मौके से मारने के बाद फरार हो गया। उक्त लिखित सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 129/2025 धारा 103(1),109(1),140(1), 126(2),351(3) भारतीय न्याय संहिता-2023 पंजीकृत किया गया।

उक्त घटनास्थल का निरीक्षण उच्चाधिकारीगण द्वारा किया गया व घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण में दिनांक 30/31.08.2025 को रात्रि में जनपदीय एसओजी व थाना मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर नौडिहवा जंगल तिराहा थाना-क्षेत्र मिश्रौलिया पर चेकिंग के दौरान उक्त हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा ₹30,000/-के ईनामिया घोषित किया गया था उक्त मुख्य वांछित अभियुक्त को टीम द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं0 132/2025 धारा 109(1) BNS व 5/27(1), 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जी रही है। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ₹ 25,000/- नगद पुरस्कार दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-

01.मुकेश निषाद पुत्र धर्मराज निषाद सा. नागचौरी थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

बरामदगी का विवरण-

01.एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर।

02.एक अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद् खोखा कारतूस।

**03.हत्या मे प्रयुक्त 02 अदद चाकू।**

**04- चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल।**

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

**01.मु0अ0सं0 164/2022 धारा 304,323,504,506 भादवि थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.मु0अ0सं0 75/2024 धारा 115(2),351(3),352 बीएनएस व 3(1)द,ध व 3(2) 5ए एससी/एसटी एक्ट थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**पूछताछ का विवरण---**

**गिरफ्तार अभियुक्त नें संक्षिप्त पूछताछ में बताया कि मेरा अपने गाँव के ही गणेश निषाद की बहन से प्रेम सम्बन्ध था जिससे वह मुझसे बात करती थी लेकिन मेरे मुम्बई जाने के बाद वह मुझसे बात करना छोड़ दी। मै उससे मिलना व बात करना चाह रहा था लेकिन उसके घर वाले मेरा विरोध करने लगे जिससे हमलोगों में झगड़ा हो गया, तभी मैने चाकू से गणेश व उसके माता-पिता, बहन पर जानलेवा हमला कर दिया हमले में मौके पर ही गणेश के पिता रामकला की मृत्यु हो गयी। मै तत्काल मौके से फऱार हो गया था। घटना में प्रयुक्त चाकू व पहने हुए कपड़े को गाँव से दूर झाड़ी में छिपा दिया था तथा मोटरसाईकिल को जनपद बस्ती के एक चाय की दुकान पर रखकर चला गया था। मुझे पता चला कि घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ढूढ़ रही है तथा फिंगर प्रिन्ट करा सकती है जिससे मै फंस सकता हूँ। इसलिए लखनऊ से ट्रेन से टिकट लेकर बस्ती आया और वहाँ से मोटरसाइकिल से छिपाये गये चाकू/कपड़ा के स्थान (मिश्रौलिया क्षेत्र) पर आया तथा उसको मोटरसाइकिल की डिग्गी मे उक्त सामान को रखकर भागने की फिराक में था कि पुलिस को देखकर फायर कर भागने लगा तो पुलिस की गोली से घायल हो कर गिर गया तथा पकड़ा गया।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 नारायण लाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02-उ0नि0 जीवन त्रिपाठी एसओजी प्रभारी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03-उ0नि0 सन्तोष कुंमार यादव, उ0नि0 श्री बबुना यादव थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04-उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.मु0आ0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, दिलीप कुमार, आशुतोषधर दूबे, आरक्षी वीरेंद्र तिवारी, रोहित चौहान, सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव, एसओजी टीम सिद्धार्थनगर।**

**06-मु0आ0 राकेश कुमार, उमेश यादव, आरक्षी सुकेश कुमार शाह, अरबिन्द यादव थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थ नगर।**

**07-मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रजापति, विवेक मिश्रा, पुष्पेन्द्र गौतम,आरक्षी अभिनन्दन सिंह, संजीव कुमार सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट- दिनांक 31.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

पहचान अज्ञात शव

आज दिनांक 31.08.2025 को एक अज्ञात महिला उम्र करीब 30 वर्ष का शव थाना उसका बाजार के ग्राम रीवा नानकार के पास राप्ती नदी के किनारे कहीं से बहता हुआ आया है। जिसकी शिनाख्त की आवश्यकता है। यदि इस सम्बन्ध में किसी को जानकारी हो तो थाना उसका बाजार मो0 नं0 9454404244 अथवा क्षेत्राधिकारी सदर मो0नं0 9454401346 को सूचित करने की कृपा करे।

प्रेस नोट- दिनांक 31.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा जनपद में हो रही चोरियों की रोकथाम के लिए ग्राम खैरटिया में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणो से पुलिस का सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश/सुझाव दिया गया ।

आज दिनांक 31 अगस्त 2025 को ग्राम सभा खैरटिया थाना शिवनगर डिडई में एक ग्राम चौपाल लगाया गया जहां पर गांव के पुरुष, महिलाएं, बच्चे तथा नवयुवक तथा बालिकाएं उपस्थित रहे । जन चौपाल में वर्तमान में जनपद में हो रहे चोरियों के रोकथाम के लिए युवाओं का ग्रुप बनाकर पुलिस के सहयोग से गांव में घूमने तथा अवांछित तत्वों के रोकथाम के प्रयास के बारे में बताया गया । ग्राम वासियों से साइबर अपराध से बचने तथा ऐसे आने वाले फोन कॉल्स के बारे में थाना स्थानीय को सूचना देने व साइबर फ्राड होने पर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागृत किया गया। जन चौपाल के दौरान महिलाओं के अपराध, भूमि संबंधी विवाद को थाना दिवस और तहसील दिवस के माध्यम से सुलझाने हेतु बताया गया। चौपाल के दौरान लोगों से आगामी त्यौहार को सकुशल मनाने तथा गांव में होने वाले किसी भी ऐसी समस्या जिससे भविष्य में कोई बड़ी घटना होने की संभावना हो, को समय रहते स्थानीय प्रशासन के माध्यम से समाधान करने हेतु अवगत कराया गया। महिलाओं और बालिकाओं को 1076 व 1090 पर अपने शिकायत दर्ज करने के बारे में जागरूक किया गया। लोगों के द्वारा भविष्य में पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गांव के सुख शांति सुरक्षा के संबंध में हर संभव एक दूसरे का सहयोग करने हेतु बताया गया।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 31-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **जनपदीय एसओजी,सर्विलांस व थाना चिल्हिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी ₹25,000/- का इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वादी उमेश चौबे पुत्र स्व0 शिवकरन चौबे निवासी बस्ठा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 10.03.2024 को मु0अ0सं0 22/2024 धारा 363/366 भादवि बनाम सर्वेश चौबे पुत्र इन्द्रेश चौबे निवासी बस्ठा थाना चिल्हिया सिद्धार्थनगर विरूद्ध पंजीकृत किया गया। पीड़िता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त सर्वेश चौबे के विरूद्ध एनबीडब्लू/82 सीआरपीस(उद्घघोषणा) की कार्यवाही की गयी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा ₹25,000/- का इनाम घोषित किया गया था। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी,सर्विलांस व थाना चिल्हिया की संयुक्त टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 22/2024 धारा 363, 366, 376 भा0द0वि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट से संबन्धित ₹25,000/- के इनामिया वांछित अभियुक्त को नौगढ़ रेलवे स्टेशन के पास मालगोदाम रोड से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**

01.सर्वेश चौबे पुत्र इन्द्रेश चौबे निवासी बस्ठा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.रामदेव थानाध्यक्ष चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02. उ0नि0 जीवन त्रिपाठी प्रभारी एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल सिद्धार्थनगर।

04.उ0नि0 राजेश कुमार तिवारी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

05.मु0आ0मनोज राय, राजीव शुक्ला एसओजी टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

06.मु0आ0जनार्दन प्रजापति, पुष्पेन्द्र गौतम सर्विलांस सेल सिद्धार्थनगर।

07.आ0 राजेन्द्र  यादव, चन्द्रजीत यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

08.म0का0 सुधा कुमारी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 31-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 31.08.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 142/2025 धारा 137(2),87,352,351(3),65(1) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को कस्बा बेलौहा बांसी बखिरा मार्ग से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**01.अमित प्रजापति पुत्र रमपति निवासी कौलपुर ग्रान्ट टोला मैनहवा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 हरेन्द्र शरण शुक्ल थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.का0 दीपक गौड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 31-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आपरेशन कवच के तहत पुलिस चौकी लालपुर पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस चौकी लालपुर पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ऑपरेशन कवच के उद्देश्यो से अवगत कराया गया तथा किसी भी अवैध गतिविधियों इत्यादि के सम्बंध में तुरन्त सूचना देने हेतु बताया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष मोहाना सहित एसएसबी व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट- दिनांक 31.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाना,सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने आदि के विरुद्ध  कार्यवाही की गयी

आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री सुजीत कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा साड़ी तिराहा,पावर हॉउस तिराहा,सिद्धार्थ तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा एवं कस्बा बाँसी आदि स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा मेडिकल कालेज से एवं जनपद मे अन्य स्थानों श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन/जुलूस ड्यूटी सकुशल संम्पन्न कराया गया एवं रात्रि मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ-साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका M. V. Act के तहत चालान कर हटवाया गया एवं दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चार वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो का चालान करने समेत कुल 59 वाहनों का चालान करते हुए 76500/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु  प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

प्रेस नोट- दिनांक 31-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व तहसीलदार डुमरियागंज की मौजूदगी में थाना डुमरियागंज पर आगामी पर्व बारावफात के सम्बन्ध में शांति समिति की गोष्ठी की गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व तहसीलदार डुमरियागंज की मौजूदगी में थाना डुमरियागंज पर आज दिनांक 31.08.2025 को थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी, हिंदू, मुस्लिम वर्ग के संभ्रांत व्यक्तियों एवं धर्म गुरुओं, व्यापार मण्डल के सदस्यों की उपस्थिति में त्यौहार बारावफ़ात को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता की गई। सभी को उच्च अधिकारीगण, शासन व माननीय न्यायालय से प्राप्त गाइडलाइन के संबंध में बताया गया तथा सभी से त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 31.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ आगामी त्यौहार बारावफात व शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कस्बा डुमरियागंज, में पैदल गश्त किया गया।**

आज दिनांक 31.08.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ आगामी त्यौहार बारावफात तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कस्बा डुमरियागंज में सांयकालीन पैदल गस्त किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।